| |
|---|
| दिनांक 26.08.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 448/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद सहारनपुर/थाना बेहट</u>**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण बरामद**

दिनांक 26.08.2026 को थाना बेहट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सढौली भूड पुलिया से ग्राम गन्देवड जाने वाले रास्ते के पास से 04 अभियुक्तों 1–अमरीश 2–इल्ताफ 3–आकाश उर्फ चंदन 4–काका को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना बेहट क्षेत्रान्तर्गत चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बेहट पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बेहट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–अमरीश निवासी ग्राम कांसेपुर थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

2–इल्ताफ निवासी शेखपुरा थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

3–आकाश उर्फ चंदन निवासी ग्राम कांसेपुर थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

4–काका निवासी ग्राम कांसेपुर थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण।

## जनपद बाराबंकी/थाना सफदरगंज

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 04 ई–रिक्शा**
- **चोरी की 05 मोटर साइकिल**
- **चोरी की 21 ई–रिक्शा बैट्री**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 26.08.2026 को थाना सफदरगंज, स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लखनऊ–अयोध्या हाइवे रसौली अंडरपास के पास से अभियुक्त इस्लामुद्दीन उर्फ बाबू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 04 ई–रिक्शा, 05 मोटर साइकिल, 21 ई–रिक्शा बैट्री, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानों पर वाहन चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना सफदरगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–इस्लामुद्दीन उर्फ बाबू निवासी शाह कटरा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी।

### बरामदगी

1–चोरी की 04 ई–रिक्शा।

2–चोरी की 05 मोटर साइकिल।

3–चोरी की 21 ई–रिक्शा बैट्री।

4–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

- **<u>जनपद बुलन्दशहर/थाना अनूपशहर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा व प्रत्येक को 01 लाख 60 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना अनूपशहर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/364/34/201 भादवि के अन्तर्गत 03 अभियुक्तों 1–जितेन्द्र 2–अर्जुन 3–मुकेश को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 01 लाख 60 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बुलन्दशहर/थाना शिकारपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 40 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना शिकारपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 04 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त अर्जुन को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 40 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद फिरोजाबाद/थाना उत्तर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 01 लाख 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद फिरोजाबाद पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना उत्तर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त रियाजुद्दीन उर्फ बिरयानी को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 01 लाख 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

दिनांक 26.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति 449/2026

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश ने इकाना स्टेडियम में क्रिकेट की यू0पी0टी–20 लीग में कानपुर सुपरस्टार्स के खिलाड़ी को दिया मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एवं दूसरे मैच नोएडा सुपरकिंग एवं काशी रूद्रास के बीच मैच का किया टॉस

**•पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 श्री राजीव कृष्ण ने गोरखपुर लायंस एवं कानपुर सुपरस्टार्स के बीच खेले गये मुकाबले में कानपुर सुपरस्टार्स के खिलाड़ी आदर्श सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।**

**•पुलिस महानिदेशक ने नोएडा सुपर किंग्स एवं काशी रुद्रास के बीच खेले गये दूसरे मुकाबले का टॉस कर मैच का शुभारम्भ किया**

**श्री राजीव कृष्ण** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनांक 26–08–2026 को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम लखनऊ में गोरखपुर लायंस एवं कानपुर सुपरस्टार्स के बीच खेले गये यू0पी0टी–20 लीग मैच के प्रथम मुकाबले में कानपुर सुपर स्टार्स के खिलाड़ी आदर्श सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

तत्पश्चात नोएडा सुपर किंग्स और काशी रुद्रास टीमों के बीच खेले जा रहे यू0पी0टी–20 लीग के आज के दूसरे मुकाबले का टॉस कर शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश, विशेषकर लखनऊ में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं आयोजनों में पुलिस द्वारा उत्कृष्ट सुरक्षा एवं व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे ये आयोजन सफलतापूर्वक एवं निर्बाध रूप से संपन्न हुए हैं। यह क्रिकेट लीग उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित हो रही है, जो प्रदेश के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ–साथ उन्हें आगे बढ़ने के अवसर और प्रेरणा प्रदान करेगी।

––––––